## आदेशों को ठेंगा दिखा रहे अधिकारी व कर्मचारी, नोटिस जारी कर दी हिदायत

# सरकारी दफ्तरों में मनमानी की खुली कलई, जांच दल को लटके मिले ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी






सरकारी दफ्तरों में अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी किस कदर हावी है इसकी कलई तब खुल गई जब कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर अधिकारियों के दल ने मंगलवार को प्रातः 10 बजे विभिन्न कार्यालयों में पहुंच कर अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति का औचक निरीक्षण किया। जिले के वरिष्ठ अधिकारी कार्यालय में औचक निरीक्षण करने पहुंचे तो कई कार्यालय ऐसी भी थे जहां 10 बजे के बाद भी ताला लटकता हुआ मिला। शासकीय कर्मचारी एवं अधिकारियों की लेट लतीफी को लेकर कलेक्टर ने जो सख्ती दिखाई है उसे विभागीय कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित रही।

अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान बंद मिले कार्यालयों के प्रमुखों को नोटिस जारी करके शासन द्वारा निर्धारित समय प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक कार्यालय का संचालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई और पुनरावृत्ति होने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई।

कलेक्टर के निर्देश पर मंगलवार को प्रातः ठीक 10 बजे संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति एम. लटोरिया ने कटनी एस डीएम व तहसील कार्यालय और डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी ने जनपद पंचायत कार्यालय कटनी, आबकारी, महिला बाल विकास पहुंचकर कर्मचारियों की समय पर कार्यालय पहुंचने और उपस्थिति पंजी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालयों मे कर्मचारियों की कम उपस्थिति और कई कार्यालयों मे प्रातः 10 बजे ताला लगे होने की स्थिति पर संबंधित कार्यालयों के प्रमुखों को नोटिस जारी करके पुनरावृत्ति हाने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई। इसके अलावा डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता ने प्रातः 10 बजे बड़वारा पहुंच कर जनपद पंचायत कार्यालय बड़वारा तहसील कार्यालय तथा लोक सेवा केन्द्र बड़वारा का औचक निरीक्षण किया। इन जगहों मे भी कार्यालयों में कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति नहीं पाई गई। लोक सेवा केन्द्र बंद ही मिला।

कलेक्टर श्री प्रसाद समय-समय पर समय-सीमा और अन्य बैठकों के दौरान अधिकारियों को आगाह करते रहे हैं कि वे और उनके सभी शासकीय कर्मचारी प्रतिदिन कार्यालय प्रारंभ होने के निर्धारित समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक कार्यालयों में उपस्थिति सुनिश्चित करें। इसके बाद भी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आदेश को ठेंगा दिखाया जा रहा है।



# एनएसयूआई ने तिलक कॉलेज में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हाल ही में घोषित हुए बीकॉम तृतीय वर्ष के परिणामों में 92% छात्रों के फेल हो जाने की खबर से एनएसयूआई ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय पर सवाल खड़े किए है। ज़िला एनएसयूआई अध्यक्ष शुभम मिश्रा के निर्देश पर पूर्व कालेज अध्यक्ष अजय खटिक एवं अभिषेक प्यासी ने बड़ी संख्या में छात्रों के साथ तिलक कालेज में प्रदर्शन कर कुलगुरु के नाम प्राचार्य तिलक कालेज को ज्ञापन सौपा। छात्रों की बढ़ती संख्या को देख एनकेजे थाने का भारी पुलिस बल कालेज में तैनात रहा। एनएसयूआई संगठन के पदाधिकारियों ने परीक्षा परिणामों को पुनः मूल्यांकन करने की माँग की, साथ ही एटीकेटी के लगने वाले शुल्क को भी माफ़ करने की माँग की। भाजपा सरकार में शिक्षा व्यवस्था का लचर उदाहरण इससे बुरा क्या हो सकता है कि लगभग 92% बच्चे फेल हो गये है।।सरकार को प्रदेश के शिक्षा मॉडल में मूलभूत सुधार की आवश्यकता है। रिक्त शिक्षाओं के पदो को भरने की आवश्यकता है।एनएसयूआई ने जल्द कार्यवाही ना होने पर विश्वविद्यालय में प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

इस दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल पांडे, सूर्यकान्त कुशवाहा, अभिषेक पयासी, प्रिंस वंशकार, दलराहुल यादव, प्रज्जवल साहू, सौरभ पांडे, अनुराग पटेल, सत्यम दवेदी, प्रवीण सिंह, अभय पांडे, सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### नये कानून को लेकर पुलिस ने जनसंवाद कर किया जागरूक

**ढीमरखेड़ा।** देशभर में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू होने के बाद उमरियापान में भी नए कानून को लेकर पुलिस की ओर से सोमवार को मंगल भवन में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय, नायब तहसीलदार अजय मिश्रा, बीएमओ ड़ॉ बीके प्रसाद ने नये और पुराने कानून में हुए बदलाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य कानूनी ढांचे में बदलावों के बारे में सामान्य जन के बीच जागरूकता और समझ बढ़ाना है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लिया और नए प्रावधानों पर चर्चा की। थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय ने बताया कि अब कानून सख्त हो रहे हैं,इसलिए हमें कानून के दायरे में रहकर ही काम करना हैं, क्योंकि अब भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) नहीं रही बल्कि भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएस) हो गई है। हम सबको उसका पालन करना हैं और अपने जानने वालों को समझाना हैं कि अब कानून सख्त हो गया हैं, अपन अपराध न करें।उन्होंने बताया कि नए कानून में अब दंड नहीं न्याय मिलेगा। फरियादी किसी भी थाने में पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं।नए कानून से मुकदमे जल्दी निपटेंगे और तारीख पर तारीख के दिन टल जाएंगे। नए कानूनों में कुछ धाराएं हटा दी गई है, तो कुछ नई धाराएं जोड़ी गई हैं।

### योजनाओं और गतिविधियों से कराया अवगत



**ढीमरखेड़ा।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में 1 से 3 जुलाई तक दीक्षा आरंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ड़ॉ बृजलाल अहिरवार, सहायक प्राध्यापक रजनीश कुशवाहा सहित महाविद्यालय के अन्य सहायक प्राध्यापकों ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय की कार्य प्रणाली, विभिन्न योजनाओं, गतिविधियों (जैसे एनसीसी, एनएसएस, शिक्षा पद्धति, पुस्तकालय, खेलकूद) संबंधी इत्यादि विधाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों की आकांक्षाएं ,परिवार की आशाएं, विद्यार्थियों की मनोस्थिति,शरीर की मानवीय आवश्यकताएं सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य व महत्व की जानकारी दी गई। महाविद्यालय का भ्रमण और शैक्षणिक गतिविधियों से कराया गया ताकि वे भविष्य में अपने व्यक्तित्व का संपूर्ण व्यक्तित्व विकास कर सकें और अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सके। इस मौके पर महाविद्यालय स्टॉफ, छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

*राहुल गांधी पर लगाया हिन्दू विरोधी होने का आरोप*

# भाजपा ने राहुल गांधी का किया पुतला दहन, प्रदर्शन कर की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भारतीय जनता पार्टी ने थाना तिराहे में कॉंग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला जलाया। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी पर हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाते हुए यह प्रदर्शन किया। बता दें की संसद में राहुल गांधी का हिंदुओं को लेकर दिया गये बयान के बाद भाजपा आक्रोशित है पार्टी ने इसे राष्ट्रव्यापी हिंदुओं का अपमान करार देते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के तहत जिलों में पुतला दहन तथा कई तरह के आंदोलन किए जा रहे हैं इसी के तहत आज जिला भारतीय जनता पार्टी तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला जलाया।

इस दौरान जोरदार नारेबाजी की तथा राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग भी की इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष जैसे संवैधानिक पद पर रहते हुए इस तरह के ओछे बयान दे रहे हैं उन्हें जरा भी अकल नहीं है। राहुल के इस बयान से देश में सांप्रदायिक माहौल खराब हो सकता है। श्री टंडन ने कहा कि पूरी की पूरी कांग्रेस पार्टी हमेशा ही हिंदू विरोधी रही है बस अब यह उजागर होना बाकी था जो लोकसभा चुनाव के दौरान तथा अब संसद सत्र में उजागर हो गया। सर्व समाज की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी के डीएनए में हिंदू विरोधी वायरस पहले ही प्रवेश कर चुके हैं जो समय-समय पर नेताओं से हिंदू विरोधी बयान दिलवाते रहते हैं।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल मिश्रा ने कहा कि हिंदू विरोधी बात करने वाले राहुल गांधी का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा जब तक वह माफी नहीं मांगती। श्री मिश्रा ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है की सर्व समाज के हिंदू लोगों को कभी आतंकवादी तो कभी हिंसावादी बताया जाता है। कांग्रेस को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए।

इस दौरान जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय ने भी संबोधित करते हुए राहुल गांधी की जोरदार आलोचना की पुतला दहन के बाद देर तक भाजपा के लोग नारे बाजी करते रहे। इस अवसर पर निगमाध्यक्ष अध्यक्ष मनीष पाठक, सुनील उपाध्याय, सुरेश सोनी, मृदुल द्विवेदी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नये कानूनों के बारे में दी गई विस्तृत जानकारी



नए कानूनों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम के तहत बरही पुलिस ने सरस्वती स्कूल बरही में जागरूकता अभियान का आयोजन किया। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ के.पी. सिंह तहसीलदार बरही की उपस्थिति रही। नए कानूनो के बारे मे बरही थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने सभी को नए कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक बेहतर बनाने के लिए कुछ कानूनों में परिवर्तन किया गया है परिवर्तित हुए कानूनों से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराने के लिए बरही के सरस्वती स्कूल के प्रांगण में थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह के द्वारा सभी पुलिस कर्मियों सहित आम नागरिकों को नए कानूनो के बारे सरस्वती स्कूल बरही प्रांगण मे सभी को दी जानकारी।

# मतदाता सूची तैयार करने अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत कटनी, रीठी, बड़वारा, बहोरीबंद विजयराघवगढ़ और ढीमरखेडा की फोटोयुक्त मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण 1 जनवरी 2024 की स्थिति में किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन श्री अवि प्रसाद ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिन अधिकारियों को पंचायतों की मतदाता सूची में रजिस्टीकृत करने रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पंचायत तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पंचायत और नियम 2 (ख) के अंतर्गत अपील प्राधिकारी पदाभिहित किया है।

कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार संपूर्ण कटनी जिले के लिए अपील अधिकारी अपर कलेक्टर कटनी को पदाभिहित किया गया है। वहीं संपूर्ण जिले हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुभाग कटनी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी को पदाभिहित किया गया है।

तहसील ग्रामीण कटनी के अंतर्गत आने वाली पंचायतों के लिए तहसीलदार कटनी ग्रामीण एवं नायब तहसीलदार कटनी ग्राम को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं तहसील रीठी के अंतर्गत आने वाली सभी पंचायतों हेतु सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार रीठी, नायब तहसीलदार रीठी को नियुक्त किया गया है। जबकि तहसील बड़वारा, बरही के अंतर्गत आने वाली पंचायतों का कार्य अपने - अपने तहसील अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की पंचायतों के कार्य का संपादन हेतु तहसीलदार बड़वारा, नायब तहसीलदार बड़वारा, तहसीलदार बरही नायब तहसीलदार बरही को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पदाभिहित किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजयराघवगढ़ को तहसील विजयराघवगढ़ के अंतर्गत आने वाली सभी पंचायतों के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुविभाग विजयराघवगढ़ के साथ ही तहसीलदार विजयराघवगढ़ एवं नायब तहसीलदार सिनगौडी को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पदाभिहित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद को तहसील बहोरीबंद के अंतर्गत आने वाली सभी पंचायतों के लिए दायित्व सौंपा गया है।

*धोखाधड़ी के मामले में काट रहा था फरारी*

# 8 सालों से फरार 5 हजार के ईनामी आरोपी को गुजरात से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



धोखाधड़ी के मामले में आठ साल से फरार पांच हजार रुपए के इनामी आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गुजरात में रबर कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर नौकरी कर फरारी काट रहा था। साइबर सेल के सहयोग और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को कोतवाली क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

मंगलवार को कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि हीरागंज निवासी अनूप सिंघई ने जमीन खरीदी को लेकर 16 फरवरी 2016 को धोखाधड़ी की शिकायत की थी। जिसमें उसने बताया था कि विक्रांत मिश्रा, चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा, अंकित मिश्रा, सुभाष गुप्ता, रितेश गुप्ता, मनोज चतुर्वेदी ने चाका गांव स्थित किसी दूसरे की जमीन को अपना बताकर और जबलपुर अतिरिक्त कमिश्नर का फर्जी लेटर लगाकर 37 लाख रुपए में विक्रय करने का सौदा तय किया था। जिसके लिए 8 अक्टूबर 2012 को इकरारनामा कर बतौर बयान पांच लाख रुपए लिए थे।

### ईनाम किया था घोषित

पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया। मामला दर्ज होने के बाद से विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के कारीतलाई गांव निवासी आरोपी चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

आरोपी की तलाशी के दौरान मुखबिर से उसके संबंध में जानकारी मिली। जिसके बाद आरोपी को पकड़ लिया गया है।

## कलेक्टर ने लोगों की सुनी समस्याएं, निराकरण करने दिये निर्देश

# जन सुनवाई ने पहुंचे 129 आवदेकों ने बताई अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार 2 जुलाई को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अवि प्रसाद ने नागरिकों की समस्याएं धेर्य से सुनी। उन्होंने जनसुनवाई में दूर- दराज से पहुंचे लोगों के आवेदन लिए और समय-सीमा में निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कई आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुल 129 आवेदन आये।

इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, डिप्टी कलेक्टर द्धय प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता ने भी लोगों के आवेदन लिये और उनकी समस्याएं सुनी।

ग्राम भिटौनी तहसील कटनी से आई प्रीति बाई पति बृजकिशोर लुनिया ने आवेदन देकर बताया कि उसके द्वारा 34 सैकडा 20 गड्डी तेंदू पत्ता तोडा गया था जिसकी राशि का भुगतान आज तक नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने वन विभाग के अधिकारी को प्रकरण की जांच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ही भगवान दास चौधरी वार्ड क्रमांक 45 अमीरगंज कटनी ने विगत 7 माह से बंद वृद्धावस्था पेंशन को पुनः चालू कराये जाने हेतु आवेदन दिया जिस पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद ने त्वरित कार्यवाही हेतु नगर निगम के अधिकारी को निर्देशित किया।

जनसुनवाई में वंदना बर्मन द्वारा बताया कि अपने बेटे अमर बर्मन का आर.टी.ई के तहत स्कूल मे प्रवेश हेतु फार्म भरकर सत्यापित कराया गया था किंतु अधिकारी द्वारा फॉर्म को कंप्यूटर पर फॉरवर्ड नहीं किये जाने के वजह से बच्चे का एडमिशन आरटीई के तहत नहीं हो सका। जिस पर कलेक्टर ने सुनवाई उपरांत जिला परियोजना समन्वयक को प्रकरण की जॉच कर विधिवत कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम भूला से आए सत्येन्द्र सिंह पिता स्वर्गीय रणजीत सिंह द्वारा शिक्षा विभाग में शिक्षक के पद पर पदस्थ पिता रणजीत सिंह की मृत्यु के पश्चात अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने हेतु आवेदन दिया जिस पर कलेक्टर ने डीईओ को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम देवरी हटाई निवासी आवेदिका पूना बाई कोल श्रम विभाग की संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि प्रदान करनें, आवेदक रवि प्रकाश सेन द्वारा खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित आपरेटर बृजकिशोर यादव द्वारा धान खरीदी केन्द्र बकलेहटा में फर्जी तरीके से धान चढ़ाकर हड़पी राशि को वापस दिलाने, आवेदक अनिल कुमार ग्राम रैपुरा द्वारा गेंहू की राशि का भुगतान कराने सहित सामाजिक न्याय विभाग, राजस्व विद्युत विभाग, पीएचई विभाग, महिला सशक्तिकरण विभाग से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए थे। जिस पर कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के लिये संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, श्रम अधिकारी के.बी.मिश्रा, तहसीलदार नेहा जैन, जिला संयोजक पूजा द्विवेदी, सहायक संचालक वनश्री

# ऑनलाइन गलत जवाब दर्ज करने पर जिला प्रबंधक नॉन को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण को लेकर प्रत्येक मंगलवार को चयनित मामलों में कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा सुनवाई की जा रही है। इसी क्रम मे 2 जुलाई मंगलवार को कलेक्टर श्री प्रसाद ने लंबित शिकायतों का अंतिम रूप से चयन कर शिकायतकर्ता एवं विभागीय अधिकारी की उपस्थिति मे सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

स्थानीय समाधान के दौरान कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा आवेदक सूजय बजाज की राजस्व विभाग अंतर्गत लंबित प्रकरण में आवेदक को सीमांकन रिपोर्ट प्रदाय न किये जाने के संबंध में प्रकरण स्वप्रेरणा से अपील में लेते हुए निराकरण कराये जाने के निर्देश लोक सेवा प्रबंधन विभाग को दिये गये। इसी प्रकार आवेदन धीरज सोनी की पंचायती राज अंतर्गत नाली निर्माण संबंधित लंबित शिकायत में व्यक्तिगत जमीन पर संबंधित भूमि स्वामी की सहमति के आधार पर शासन नियमानुसार निराकरण कराये जाने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत कटनी को दिये गये।

स्थानीय समाधान के प्रकरणों की सुनवाई के दौरान आवेदक संतोष शुक्ला की राजस्व विभाग की रिकार्ड सुधार संबंधी लंबित शिकायत को अपील में लेकर निराकरण कराये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद एवं तहसीलदार स्लीमनाबाद को निर्देशित किया गया। लोक स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आवेदक नीरज मिश्रा के लंबित शिकायत पर सुनवाई की जाकर प्रकरण को विशेष समीक्षा में लेते हुए सीएमएचओ कटनी को निराकरण कराये जाने के निर्देश दिये गये। मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन अंतर्गत आवेदक रामचन्द्र पाठक को लोडिंग का भुगतान नहीं किये जाने के संबंध में ऑनलाइन गलत जवाब दर्ज किये जाने हेतु जिला प्रबंधक नॉन को फटकार लगाते हुए ऑनलाइन सही जवाब दर्ज किये जाने के निर्देश जिला प्रबंधक नॉन को दिये गये।

## खबर संक्षेप



### निगम सम्मिलन के बजट सत्र की बैठक स्थगित

**कटनी।** नगरपालिक निगम कटनी का सामान्य सम्मिलन निगमाध्यक्ष मनीष पाठक की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया, बैठक प्रारंभ होने पर सदन के सदस्यों द्वारा आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री शुक्ल के अचानक स्वास्थ्य खराब होने से अनुपस्थित होने के कारण सर्वसम्मति से बैठक को स्थगित करनें का निर्णय लिया गया । बैठक आगामी 16 जूलाई 2024 को आयोजित की जावेगी।

### आज खोला जायेगा ईव्हीएम वेयरहाउस

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना दिनांक से अधिकतम 10 दिवसों की अवधि में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और व्हीव्हीपीएटी के बर्नट मेमोरी, माईक्रोकंट्रोलर की जांच एवं सत्यापन हेतु निर्वाचन मे भाग लेने वाले किसी भी अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत नहीं किये जाने फलस्वरूप व्हीव्हीपीएटी के पेपररोल कंपार्टमेंट को खोलकर पेपर रोल निकालनें की कार्यवाही की जाना है। इस हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित जिला ईवीएम वेयरहाउस को बुधवार 3 जुलाई को प्रातः 11 बजे खोला जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ईव्हीएम वेयरहाउस खोले जानें के दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से उपस्थित रहनें का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के उपरांत एडमिनिस्टेटिव स्टेंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीडर फार चेकिंग एंड वेरीफिकेशन आफ बर्नट मेमोरी, माईक्रोकंट्रोलर आफ ईव्ही एम जारी किया गया था। जिसके अनुसार मतगणना दिनांक से 10 दिवसों की अवधि मे बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और व्हीव्ही पीएटी के बर्नट मेमोरी, माईक्रोकंट्रोलर की जांच एवं सत्यापन हेतु निर्वाचन मे भाग लेने वाले किसी अभ्यर्थियों द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने पर अग्रिम कार्यवाही की जानी थी।

### नये कानून के तहत दर्ज हुआ मारपीट का मामला

**कटनी।** नये कानून लागू होने के बाद बदली गई धाराओं के तहत विजयराघवगढ़ में दो मामले दर्ज हुए। थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने बताया कि ग्राम जीजनौडी में मंदिर के समीप स्थित जमीन की नीलामी को लेकर 1 जुलाई की दोपहर लगभग 3 बजे दोपक्ष आपस में टकरा गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें कुछ लोग घायल भी हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों के लोग शिकायत लेकर थाने पहुंचे। जब मारपीट की शिकायत लेकर दोनों पक्ष थाने पहुंचे तो मौजूद स्टाफ मामला दर्ज करने को लेकर असमंजस में पड़ गया। लेकिन इसी बीच घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। घायलों का प्राथमिक उपचार कराते हुए विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी रितेश शर्मा ने स्टाफ की मदद से दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर मुकदमा दर्ज किया है। दोनों पक्षों के खिलाफ विजयराघवगढ़ थाने में नवीन धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कानून में बदलाव के बाद जिले में विजयराघवगढ़ थाना आज पहला ऐसा थाना है जहां पर इस तरह का मुकदमा दर्ज किया गया

### अब तक कुल 86.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से से 2 जुलाई तक कुल 86.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में कुल 228.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 2 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी मे 78.4 मिमी, रीठी में 83.6, बड़वारा में 25.0 मिमी बरही में 85.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 79.5 मिमी, बहोरीबंद मे 87.8 मिमी स्लीमनाबाद में 123.0 मिलीमीटर, ढीमरखेड़ा 123.9 मिलीमीटर वर्षा वर्षामापी केन्द्र में दर्ज की गई है।

## ग्राम कछारी से झांपी तक बननी है रोड, लेट लतीफी पर कार्यवाही करने उठी मांग

# कलेक्टर के पास भेज दी भ्रामक जानकारी, सरपंच ने कार्यपालन यंत्री पर लगाये आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

निर्माण कार्यों में किस कदर लापरवाही व मनमानी बरती जा रही है इसका अंदाजा बड़वारा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कछारी में कछारी से झांपी तक बनने वाले मार्ग से लगाया जा सकता है। बताया जाता है कि आठ माह पूर्व बाकायदा टेंडर पास हो चुका है जिसकी राशि भी 23 लाख 85 हजार मंजूर हो गई है लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। दूसरी ओर जिले के मुखिया को भी भ्रामक जानकारी भेज दी गई।

कछारी ग्राम की सरपंच ने बताया कि कार्यपालन यंत्री के द्वारा जिला कलेक्टर को भी झूठी व भ्रामक जानकारी भेजी गई है कि सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है, मटेरियल भी एकत्रित करवा दिया गया है। ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। सरपंच का कहना है कि ये सभी बातें झूठी बताई गई है। सड़क निर्माण प्राम्भ नही किया गया है, न ही मटेरियल भेजा गया। शासकीय राशि का दुरूपयोग करने की कूटनीतिक चाल चली जा रही है।



बताया जाता है कि कछारी से झांपी ग्राम तक का पहुंच मार्ग बनाने के लिए राशि मंजूर हो गई है किंतु टेंडर लेने वाले ठेकेदार व विभागीय अधिकारी की सड़क निर्माण के प्रति उदासीनता व लापरवाही के कारण आज दिनांक तक ग्राम पंचायत कछारी से झांपी तक के लिए लोगों के आवागमन के लिये बनाये जाने वाले मार्ग का शुभारंभ नही किया गया है जिसके कारण स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है।

कछारी सरपंच से के अनुसार ठेकेदार द्वारा कहा जा रहा है कि ग्रेवल सड़क का निर्माण किया जाना है किंतु सड़क में मात्र कंक्रीट युक्त मुरुम ही डाली जाएगी। ग्राम सरपंच ने बताया कि एक किलोमीटर की सड़क बनना है और उसके लिए राशि 23 लाख 85 हजार की राशि भी आठ माह पूर्व मंजूर हो गई है फिर भी ठेकेदार एवम एसडीओ के द्वारा लगातार सड़क निर्माण करवाये जाने के कार्य मे हीलाहवाली की जा रही है।

इस मार्ग की खराब स्थिति के कारण ग्रामवासियों एवं स्कूल जाने वाले बच्चों को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात शुरू हो चुकी है, स्कूल भी खुल चुके हैं छात्र स्कूल में अध्ययन करने जाने लगे हैं, आंगन बाड़ी केंद्र में नन्हे मुन्ने बच्चे सड़क में बने गड्ढों से निकलने मजबूर हैं ऐसी खस्ताहाल जर्जर सड़क लोगों के लिए मुसीबत का पर्याय बन चुकी है इसी सड़क से बड़े बड़े ट्रैक निकलते हैं जो कभी भी किसी के लिए भी यमराज के रूप में रूबरू हो सकते हैं। ऐसे हालात में मार्ग का उपयोग करने में बेहद कठिन हालात उतपन्न हो जाएंगे। ग्राम पंचायत सरपंच भारती नीलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है कि मार्ग की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें, ताकि संबंधित अधिकारी व ठेकेदार कार्य की प्रगति में तेजी ला सकें। सरपंच के साथ ही मुन्ना लाल यादव,मुराली प्रसाद यादव ,कोदू लाल यादव, हेमा सिंह,सोमती यादव ने भी लेटलतीफी पर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।



# कर्मचारियों की मनमानी पंचायत कार्यालय में ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा जनपद अंतर्गत समीपस्थ ग्राम पंचायत पथवारी का कार्यालय जो कि मुख्य मार्ग के नजदीक ही स्थित है किंतु इस कार्यालय में कभी भी समय पर पँचायत सचिव व सहायक सचिव अपने कार्यालय नही पहुंचते हैं। जिसके चलते ग्राम के लोगों को अपने पँचायत सम्बंधित कार्य करबाने के लिए पँचायत कार्यालय के अनेकों बार चक्कर लगाने पड़ते हैं।

### आदेश की अवहेलना

शासन के नवीन आदेश के मुताबिक शासकीय कार्यालयों में दिन में दस बजे से लेकर शाम छः बजे तक शासकीय कर्मचारियों को सेवाएं देने के आदेश होने के बावजूद भी पथवारी ग्राम पंचायत में मंगलवार दिनांक 02,07,2024 को दिन में 11 बजकर 45 मिनट तक पँचायत कार्यालय में सचिव समेत सहायक सचिव कार्यालय नही पहुंचे पँचायत कार्यालय में ताला लटका मिला।

इस संबंध में जब स्थानीय ग्रामीणों से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत पथवारी में आये दिन यही स्थिति बनी रहती है कभी भी कोई भी कर्मचारी समय पर पँचायत कार्यालय नही आते हैं जिससे स्थानीय लोगों को अपने कार्य करबाने के लिए परेशान होना पड़ता है।

## कुठला पुलिस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में की सहभागिता

# डीपीएस के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से किया मंत्रमुग्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

देश में लागू हुए नवीन कानून संहिता से रूबरू कराते हुए कुठला थाना कटनी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, एडि एस.पी. डॉक्टर संतोष देहरिया, सी.एस. पी.. ख्याति मिश्रा एवं टीआई. कुठला अभिषेक चौबे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में देलही पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अनुराग जैन भी उपस्थित थे। डी.पी.एस. कटनी के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत एवं भाषण जैसे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रंगोली सजाकर आगंतुकों का स्वागत किया। पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थितजनों को नवीन कानून संहिता की जानकारी देते हुए संबोधित किया।

यह कार्यक्रम कुठला थाना दुवारा आयोजित किया गया। दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया एवं विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम से 'सभी का दिल जीत लिया। नए कानून की जानकारी प्राप्त होने पर विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। पुलिस विभाग ने छात्र-छात्राओं को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि आम नागरिक के लिए यह एक बहुत ही अच्छा, कानून मिल सके। बनाया गया है, ताकि उन्हें सुविधा उन्होंने बताया कि एक जुलाई से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध नये कानून के अंतर्गत पंजीबद्ध होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अजीत दुबे, रजत जैन, शहजादा खान एवं बेल शिक्षिका नेहा श्रीवास्तव, नेहा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नये कानूनों के प्रचार के लिए निकाली वाहन रैली



नये कानूनों के प्रचार प्रसार के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय से वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने हरी झंडी दिखाकर किया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा नये 03 कानूनों के प्रचार प्रसार के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से वाहन रैली निकाली गई। दो पहिया वाहन रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से होकर विश्राम बाबा, माधव नगर, कटाई घाट, मिशन चौक होते हुए वापस पुलिस अधीक्षक कार्यालय में समाप्त हुई। रैली में साउंड के माध्यम से नवीन आपराधिक कानून से संबंधित जानकारियां प्रचारित की गई। इसके अतिरिक्त दो पहिया वाहनों एवं चार पहिया वाहनों में बैनर, पोस्टर्स, तख्तियों आदि एवं पीए सिस्टम के माध्यम से नागरिकों के बीच नवीन आपराधिक कानून का प्रचार-प्रसार किया गया। इस दौरान नागरिकों को नवीन आपराधिक कानून से संबंधित विभिन्न जानकारियों के पेम्पलेट भी वितरित किये गये।

# विद्युत शिकायतों के निवारण के लिए वितरण केन्द्रवार शिविर 5 जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कटनी संभाग के कार्यपालन अभियंता राजीव चतुर्वेदी ने बताया कि संभाग के अंतर्गत सभी वितरण केंद्रों के मुख्यालय पर तिथिवार विद्युत शिकायत निवारण शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित शिविर में उपभोक्ता अपने विधुत से सम्बंधित सभी प्रकार की शिकायतों का निराकरण करवा सकते है, उक्त शिविर प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक ग्राम पंचायतो/ वितरण केन्द्र कार्यालय में आयोजित होंगे।

आयोजित होने वाले तिथिवार विद्युत शिकायत निवारण शिविर के तहत वितरण केंद्र अमाड़ी के अंतर्गत अमाड़ी मुख्यालय में 5 जुलाई 2024, बसाडी मुख्यालय में 13 जुलाई, कांटी मुख्यालय में 11 जुलाई मझगंवा मुख्यालय में 9 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा। इसी तरह वितरण केंद्र खलवारा बाजार कैमोर के अंतर्गत झुकेही मुख्यालय में 10 जुलाई मेहगंवा मुख्यालय में 8 जुलाई लाल नगर मुख्यालय में 12 जुलाई, खलवारा मुख्यालय में 5 जुलाई अमरैया पार मुख्यालय में 6 जुलाई को तथा वितरण केंद्र खतौली के अंतर्गत खितौली मुख्यालय में 4 जुलाई, कुआं मुख्यालय में 6 जुलाई, नदावन मुख्यालय में 10 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

देवगांव मुख्यालय में 4 जुलाई, निटर्रा में 6 जुलाई बडखेडा में 8 जुलाई वितरण केंद्र निवार के अंतर्गत जरवाही में 4 जुलाई लखा पटोरी मुख्यालय में 8 जुलाई, निवार मुख्यालय में 6 जुलाई भनपुरा मुख्यालय में 12 जुलाई, शाहपुरा मुख्यालय में 10 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

वितरण केंद्र बरही के अंतर्गत बरही में 10 जुलाई, डोकरिया में 5 जुलाई करौंदी खुर्द में 12 जुलाई, गैरतलाई में 8 जुलाई वितरण केंद्र रीठी के अंतर्गत रीठी में 4 जुलाई, सलैया में 14 जुलाई बकलेहटा में 12 जुलाई बडगांव में 6 जुलाई गुजरी में 8 जुलाई खमरिया में 10 जुलाई तथा वितरण केंद्र विजयराघवगढ के अंतर्गत विजयराघवगढ में 4 जुलाई कारीतलाई में 6 जुलाई बंजारी में 8 जुलाई वितरण केंद्र कन्हवारा के अंतर्गत कन्हवारा में 10 जुलाई देवराकला में 12 जुलाई वितरण केंद्र सिंगोडी के अंतर्गत सिंगोडी मुख्यालय में 13 जुलाई पिपरियाकलाँ में 14 जुलाई को शिविर आयोजित किया जायेगा।

## माता पिता कर रहे थे आनाकानी, समझाइश के बाद हुए थे राजी

# कलेक्टर के प्रयासों से दिव्यांग शिवा का दृष्टिबाधित विद्यालय में हुआ दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा पिछले करीब एक वर्ष से बहोरीबंद तहसील के ग्राम खम्हरिया नबर - 2 निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्र शिवा बर्मन को 9वीं की पढ़ाई हेतु जिले के बाहर के स्कूल मे प्रवेश दिलाने की जारी निरंतर कोशिशें सोमवार 1 जुलाई को सफल हुई। कलेक्टर के प्रयास से दृष्टिबाधित दिव्यांग शिवा का कक्षा नवमी की पढ़ाई के लिए चित्रकूट के प्रतिष्ठित तुलसी प्रज्ञा चक्षु दिव्यांग स्कूल में प्रवेश दिलया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर कटनी से शिवा बर्मन और उनकी माता भूरी बाई के साथ राजीव कुमार रैकवार और अमित दुबे, शिवा बर्मन को लेकर चित्रकूट पहुंचे थे। जहां शिवा का प्रज्ञा चक्षु दिव्यांग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा नवमीं मे प्रवेश हो गया है।

अपने पुत्र शिवा को बाहर पढ़ने हेतु भेजने में ना-नुकुर करने वाले माता - पिता कलेक्टर की समझाइश के बाद सहमत हो गये और अब जुलाई से शिवा का चित्रकूट के नामचीन दृष्टिबाधित स्कूल में दाखिला दिलाया गया।

### कलेक्टर बने थे काउंसलर

दृष्टिबाधित दिव्यांग शिवा बर्मन को कक्षा नवमीं की पढाई हेतु जिले के बाहर भेजने के लिए कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने शिवा के माता-पिता को समझाईश देने में काउंसलर की भूमिका निभाई थी। शिवा के माता-पिता उसे बाहर पढ़ने हेतु भेजने के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन जब कलेक्टर ने शिवा के भविष्य को संवारने की दृष्टि से शिक्षा का महत्व बताया तो माता-पिता बाहर भेजने के लिए राजी हो गए थे।

कलेक्टर ने खुद शिवा के माता -पिता को कलेक्ट्रेट कार्यालय बुलवाकर उसकी पढ़ाई से दृष्टिबाधित शिवा के भविष्य संवरने की समझाइश दी। तब कहीं जाकर शिवा के माता - पिता ने उसे चित्रकूट के दृष्टिबाधित स्कूल मे दाखिला दिलानें की सहमति प्रदान की। अंततः कलेक्टर की कोशिशें कामयाब हुई और अब शिवा का एडमिशन चित्रकूट स्थित प्रतिष्ठित दृष्टिबाधित स्कूल में हो गया है।

ज्ञातव्य हो कि कलेक्टर अवि प्रसाद के विगत दिनों तहसील बहोरीबंद भ्रमण के दौरान उनकी मुलाकात ग्राम खम्हरिया नबर - 2 निवासी दृष्टिबाधित छात्र शिवा बर्मन पिता राजकुमार बर्मन से हुई। इस दौरान पता चला कि दिव्यांग शिवा ने कक्षा पहली से लेकर आठवी तक की पढाई पूर्ण कर ली है। शिवा पढ़नें- लिखने में बहुत होशियार है, लेकिन आठवी के बाद उसकी पढ़ाई बंद हो गई है। जिसपर कलेक्टर श्री प्रसाद ने दृष्टिबाधित बालक शिवा की अग्रिम पढ़ाई की व्यवस्था का दायित्व उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नयन सिंह को सौंपा।

एडमीशनन हेतु विशेष वाहन से जबलपुर स्थित दृष्टिबाधित विशेष विद्यालय भेजा गया। लेकिन बीच में पढाई बंद कर देने और उम्र ज्यादा होने के कारण जबलपुर में एडमीशन नहीं हो सका। यह जानकारी कलेक्टर के संज्ञान मे आते ही उन्होने शिवा के माता-पिता को कलेक्ट्रेट बुलवाकर समझाइश दी तब कही शिवा के माता-पिता शिवा का एडमीशन चित्रकूट विद्यालय में कराने हेतु तैयार हुये।

## दीक्षारंभ विद्यार्थियों के भविष्य की पहली सीढ़ी है, अनुभव किये साझा

# तिलक कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह मे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में घोषित शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में दूसरे दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे से दीक्षारंभ समारोह प्रारंभ हुआ। इस दीक्षारंभ समारोह की अध्यक्षता डॉक्टर हेमलता गर्ग विभाग अध्यक्ष समाजशास्त्र के द्वारा की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के खरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि दीक्षारंभ विद्यार्थियों के भविष्य की पहली सीढ़ी है। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों को विद्यार्थियों से साझा किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि हम अपने जीवन के अनुभवों से बहुत कुछ सीखते हैं।

डॉ के पी मिश्रा प्राध्यापक राजनीति शास्त्र ने उच्च शिक्षा संस्थानों के संचालन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश शासन एवं विश्वविद्यालय की भूमिका से अवगत कराया। उनके अनुसार महाविद्यालय को विभिन्न प्रकार के निर्देशों एवं नियंत्रण के अंतर्गत काम करना पड़ता है। प्रोफेसर जी एम मुस्तफा ने मुख्यमंत्री मेधावी योजना के बारे में विस्तृत चर्चा की। सुनील कुमार त्रिपाठी सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित गांव की बेटी योजना तथा प्रतिभा किरण योजना के प्रावधानों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।



डॉक्टर सरदार दिवाकर सहायक प्राध्यापक संस्कृत ने राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी में प्रवेश की प्रक्रिया और कैरियर की दृष्टि से इसकी उपयोगिता पर बोल दिया। भौतिक शास्त्र के विभाग अध्यक्ष डॉ एम पी यादव ने महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी विद्यार्थियों को दी, इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री जन कल्याण शिक्षा प्रोत्साहन संबल योजना की विभिन्न पहलुओं का विस्तार से वर्णन किया। श्री देवी सिंह प्रजापति, ग्रंथपाल ने पुस्तकालय की व्यवस्था से विद्यार्थियों को अवगत कराया। श्री आनंद प्रताप सिंह सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र ने विद्यार्थियों के विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की विभिन्न गतिविधियों का वर्णन किया। डॉक्टर माधुरी गर्ग प्राध्यापक हिंदी में राष्ट्रीय सेवा योजना और इसकी इकाइयों पर प्रभाव डाला। डॉक्टर राजकुमार कीड़ा अधिकारी ने शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में कैरियर की संभावना पर अपने विचारों को व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न खेल गतिविधियों भी कार्रवाई इसमें विद्यार्थियों को बहुत आनंद आया।

### हरदुआ में लोक कल्याण शिविर का आयोजन आज

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर ग्राम पंचायत हरदुआ के ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण हेतु बुधवार 3 जुलाई को प्रातः 11 बजे से लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर लोक कल्याण शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगों के प्रमाण पत्र भी बनाये जाएगें। इसके अलावा शिविर में तहसीलदार कटनी, सीईओ जनपद पंचायत कटनी, बीएमओ कन्हवारा, बीईओ व बीआरसी कटनी, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास कटनी ग्रामीण, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण, पशु चिकित्सा अधिकारी, एस.ए.डी.ओ कृषि, रेंजर और कार्यपालन यंत्री मध्यप्रदेश विद्युत मंडल, एस.डीओ पी.एच.ई, जल संसाधन, आर ई.एस व लोकनिर्माण विभाग और सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी, मत्स्य निरीक्षक, उद्योग निरीक्षक, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं और परियोजना अधिकारी उद्यानिकी को लोक कल्याण शिविर में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए है।

# कलेक्टर की सख्ती के बाद समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्या को प्राथमिकता से हल करने के गंभीर प्रयास कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा किए जा रहे हैं, जिससे जनता को विद्युत एवं पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। इसी क्रम में ग्राम कोड़ो और स्लीमनानाद क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायत सामने आने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया गया।

कटनी सावरकर वार्ड नई बस्ती निवासी आवेदिका संगीता गुप्ता की विद्युत आपूर्ति बाधित होने संबंधी शिकायत को संज्ञान मे लेते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा त्वरित जांच कर निराकरण के निर्देश कार्यपालन अभियंता शहर संभाग मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड कटनी को दिए थे। निर्देश के परिपालन में सहायक अभियंता संधारण विद्युत वितरण केंद्र से जांच कराई गई। जिसमें स्थल का 200 केव्हीए ट्रांसफार्मर खराब पाए जाने पर ट्रांसफार्मर के 2 फेस चालू किये जाकर आवेदिका की लाईट की वैकल्पिक व्यवस्था कराई गई तथा आगामी दिवस ही फेल ट्रांसफार्मर को बदलकर विद्युत आपूर्ति सुचारू कराई जाकर शिकायत का निराकरण कराया गया।

इसी तरह विकासखंड ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत घुघरी के ग्राम घुघरी में नल जल योजना से पेयजल आपूर्ति बाधित होने की शिकायत को कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा संज्ञान में लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को इसकी जांच कर सुधार के निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में कार्यपालन यंत्री द्वारा जांच के दौरान विद्युत लाइन मे खराबी होने के कारण 3 दिन से आपूर्ति बाधित होना पाये जाने पर विद्युत लाइन में सुधार कराते हुए नल जल योजना से पुनः पेयजल आपूर्ति बहाल की गई।

## खबर संक्षेप

### विद्युत मंडल अमानगंज में मनमानी का आलम, कटौती से परेशान क्षेत्र सहित नगर की जनता

**अमानगंज।** नगर अमानगंज में विद्युत मंडल की मनमानी एवं तानाशाही से समूचे में जनता परेशान दिखाई दे रही है और विभाग में पदस्थ भ्रष्ट कर्मचारियों एवं अधिकारी अपनी मनमानी से विभाग चला रहे हैं भीषण उमस गर्मी में कारण विद्युत सप्लाई रोकना इन्वेस्ट अधिकारी एवं कर्मचारियों का शौक बना हुआ है जिसमें आम जनमानस का जीना मुश्किल हो गया है मनमाने बिल भेजना उपभोगताओं को मुसीबत में काम नहीं है वर्षों से जमा कर्मचारी अधिकारी अपना दबदबा कायम रखना चाहते हैं और जनता की परेशानी का कोई हल करने वाला नहीं है क्षेत्रीय विधायक से नगर की जनता ने समाचार पत्र के माध्यम से अमानगंज उद्योग मंडल की व्यवस्थाएं सुधरवाने की अपील समाचार पत्र के माध्यम से की है जिससे आम जनमानस को शासन की योजना का सुचारू रूप से लाभ मिल सके एवं सरकार पर भरोसा बना रहे।

### बृहस्पति कुंड पर बनेगा मध्य प्रदेश का पहला शग्लास ब्रिज, करीब से जलप्रपात निहार सकेंगे टूरिस्ट, काम शुरू

**पन्ना।** पन्ना में स्थित बृहस्पति कुंड जल प्रपात पर प्रदेश का पहला ग्लास ब्रिज बनने जा रहा है. यह देश का तीसरा ग्लास ब्रिज कहलाएगा। जिला प्रशासन ने यहां पर ग्लास ब्रिज बनाने का प्रस्ताव सरकार के सामने रखा था, जिसकी मंजूरी पूर्व में ही हो चुकी थी। अब टेंडर भी जारी हो गया है. ग्लास ब्रिज बनने से पर्यटक करीब से बृहस्पति कुंड को देख सकेंगे, प्राप्त जानकारी के अनुसार, बृहस्पति कुंड जलप्रपात पर बनने वाला भारत का तीसरा ग्लास ब्रिज कांच से बनाया जाएगा. जिसका टेंडर लगभग 3 करोड़ में हो चुका है और इंजीनियरों द्वारा इसका निरीक्षण भी किया जा रहा है। बता दें कि यह जमीन पर लगभग 18 फुट रहेगा और हवा में 11 फुट निकलेगा। इसमें लोगों को जाने के लिए सीमा निर्धारित होगी। करीब एक बार में 8 से 10 लोग ही हवा में निकले हुए हिस्से पर जा सकते हैं जो पूरी तरह से ग्लास का बना होगा।

### देवेंद्रनगर क्षेत्र के निजी स्कूलों की मनमानी अभिभावकों की जेब पर पड़ रही भारी

**पन्ना।** शासन के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे देवेंद्रनगर क्षेत्र के निजी स्कूल संचालक प्राइवेट स्कूल संचालकों द्वारा बच्चों की पढ़ाई के अनुरूप अत्यधिक वसूल रहे फीस सरकार द्वारा पिछले माह हर स्कूल का पोर्टल में कराया गया था फीस का रेट निर्धारित अच्छी शिक्षा और बेहतर व्यवस्था के लिए अभिभावक महंगाई की मार से बेहाल हैं। दुकानदार और स्कूल प्रबंधकों के कमीशनखोरी अभिभावकों पर भारी पड़ रही है। निजी स्कूल संचालक पूरी तरह से मनमानी पर उतारू हैं। नया सत्र प्रारंभ होते ही यूनिफार्म, जूता, मोजा के साथ ही किताबें और पाठ्यक्रम के नाम पर कमीशनखोरी का खेल शुरू हो गया है। स्कूलों के अंदर मन मुताबिक रेट पर छपवाकर किताबें रख ली गई हैं और उन किताबों को स्कूल में रखकर बेची जा रही है सूत्र क्या इन शिक्षा माफिया के ऊपर होगी कार्यवाही स्कूलों की अगर उच्च स्तरीय जांच होगी तो कई स्कूलों पर हो सकती है कड़ी कार्यवाही कई ऐसे स्कूल की जो शासन के नियमों का नहीं कर रहे पालन क्या देखकर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मान्यता दे दी गई यदि उच्च स्तरीय जांच होगी तो कई स्कूलों की मान्यता भी रद्द की जा सकती है। सुबह से शाम तक किताब विक्रेताओं के यहां अभिभावकों और बच्चों की भीड़ जुटी है।

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व: बड़ी घास को साफ करने में उपयोगी गौर गाय जल्द शुरू होगा सर्वे

# टाइगर रिजर्व में गौर गाय बसाने की तैयारी शुरू, चीतों को लाने की राह होगी आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा

तीन जिले की सीमा क्षेत्र में फैले हुए 21 बाघों सहित अन्य जंगली जानवरों से आबाद प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में अब गौर गाय को बसाने की तैयारी शुरू होने वाली है। इसके लिए टाइगर रिजर्व के अधिकारी जल्द ही गौर गाय के रहने के लिए जरूरी परिस्थितियों को लेकर सर्वे कराएंगे और इसके बाद उन्हें लाने की तैयारी होगी यदि ऐसा होता है तो अफ्रीकन चीतों को बसाने तैयार किए गए प्रोजेक्ट की राह आसान हो जाएगी। क्योंकि टाइगर रिजर्व में जो मैदान तैयार किए गए हैं उनमें घास की ऊंचाई ज्यादा है, ऐसे में वहां पर चीतों को बसाना ठीक नहीं समझा जा रहा है दरअसल चीते घास के मैदान में रहते हैं, लेकिन इसके लिए घास की ऊंचाई इतनी होनी चाहिए



जिससे चीते उसमें आसानी से दूर तक देख सकें। टाइगर रिजर्व में गांव को विस्थापित कर जो मैदान तैयार किए हैं, उसमें घास की ऊंचाई पांच से छह फीट तक है। अधिकारियों का कहना है यह घास हिरण समूह के अन्य जानवर नहीं खा पाते हैं, जबकि गौर इसे आसानी से खाकर खत्म कर देते हैं। छोटी घास और नई कोंपल को चीतल, हिरण, काला हिरण आदि आसानी से खा सकेंगे। ऐसे में यहां पर चीता भी आसानी से अपना शिकार देख सकेगा

**2011 में अफ्रीका की टीम ने किया था सर्वे**

अफ्रीकन चीतों को देश में लाने के लिए सबसे पहले नौरादेही अभयारण्य (वर्तमान में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व) का नाम चिन्हित हुआ था। चीतों को रहने के हिसाब से स्थितियां अनुकूल हैं या नहीं इसको लेकर वर्ष 2011 में अफ्रीका की टीम नौरादेही आई थी और सर्वे के बाद उन्होंने नौरादेही अभ्यारण्य में चीतों के लिए अनुकूल वातावरण पाया था। इसके बाद अभयारण्य के तत्कालीन अधिकारी अफ्रीका गए और चीतों के संबंध में पूरी जानकारियां जुटाते हुए प्रशिक्षण भी लिया लेकिन चीतों को श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा गया।

**दो हजार हेक्टेयर में घास के मैदान तैयार**

नौरादेही में चीतों को बसाने को लेकर अफ्रीका की टीम की हरी झंडी मिलते ही वर्ष 2012-13 में यहां गांवों को विस्थापित करने का काम शुरू हुआ। उस दौरान वन क्षेत्र में बसे 72 गांव को विस्थापित करने का प्लान तैयार हुआ था जिसमें से अब तक करीब 30 गांव पूर्ण रूप से विस्थापित भी हो चुके हैं। गांव के खाली होने के बाद वहां पर घास के अलग-अलग 20 मैदान तैयार किए गए हैं, जिनका क्षेत्रफल लगभग दो हजार हेक्टेयर का है।

**बाघों को मिलेगा भोजन**

गौर गाय को बसाने के पीछे एक वजह यह भी समझ आ रही है कि टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में वहां पर शाकाहारी पशुओं की संख्या भी बढ़ानी होगी, जिससे बाघों को आसानी से भोजन उपलब्ध हो सके।

**इनका कहना है**

टाइगर रिजर्व के डीएफओ डॉ एए अंसारी ने बताया कि प्रदेश के सात में से पांच टाइगर रिजर्व में गौर गाय हैं, उनके लिए क्या-क्या जरूरी है और क्या व्यवस्थाएं अलग से करनी होगी। इसके लिए विभाग जल्द ही शुरू कराएगा। हालांकि इसे आने में अभी समय लग सकता है

**डॉ. एए अंसारी, उप संचालक, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व**

## कर्मचारी शासन के निर्देश का पालन सुनिशिचत करें : कर्मचारी संघ

**दमोह।** म.प्र.सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल का परिपत्र दिनांक 26-06-2024 को प्रदेश के समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि समस्त शासकीय कार्यालय का समय प्रातः 10-00 बजे से सायं 06-00 बजे तक कार्यालय में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, उक्त परिपत्र के संबंध में म.प्र.शासकीय लिपिकीय कर्मचारी संघ के प्रान्तीय संरक्षक एवं पूर्व प्रान्ताध्यक्ष राकेश सिंह हजारी द्वारा विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया गया है कि उक्त परिपत्र का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जावेंगा किन्तु प्रदेश के सभी विभागीय अधिकारीयों से यह भी आपेक्षा की जाती है कि वे निर्धारित समय के पश्चात किसी भी कर्मचारियों को ना रोका जावें, साथ ही अवकाश के दिनों में भी कार्यालयीन कार्य हेतु ना बुलाया जावें, वर्तमान में विधान सभा सत्र,चुनाव, आदि के दौरान भी निर्धारित समय का ध्यान रखा जावें, शनिवार, रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में भी बैठकें आयोजित ना की जावें, जैसे जिला प्रभारी मंत्री द्वारा, प्रमुख सचिव, कमिश्नर, कलेक्टर आदि के द्वारा बैठकें आयोजित करते है, जो जारी परिपत्र के विपरीत होगा, साथ ही प्रदेश के समस्त कर्मचारियों से अपील की गई है कि वे सामान्य प्रशासन द्वारा जारी निर्धारित समय पर उपस्थित होवें एवं उसके पश्चात कार्यालय में अपनी उपस्थित ना देवें। प्रदेश का कर्मचारी भी इंसान है उसे भी अपने परिवार एंव स्वयं का कार्य होना स्वाभाविक है, अतः प्रदेश/जिले के सभी अधिकारियों से आपेक्षा की गई है कि निर्धारित समय एवं अवकाश दिवसों में् कर्मचारियों से कार्य करने हेतु बाध्य ना किया जावें, तभी सहीं मायने में जारी परिपत्र का पालन सुनिश्चित हो सकेंगा, म.प्र.शासन द्वारा कर्मचारियों के हित में जारी परिपत्रों को अधिकारीगण ध्यान नहीं देते है, जैसे क्रमोन्नति,समयमान वेतनमान, चतुर्थ वेतनमान, पास बुक पूर्ण कराना,समय पर वेतन वृद्धि ना लगाई जाना, आदि प्रकरणों पर ध्यान नहीं दिया जाता है, सेवानिवृत्ति उपरांत उसे स्वयं के कार्यालय एवं जिला पेंशन कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे है, इस संबंध में म.प्र.सामान्य प्रशासन को ध्यान देने का आग्रह किया है।

## समीक्षा बैठक का आयोजन



**हटा।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्वय श्री राकेश मरकाम द्वारा उपखंड स्तीरीय समीक्षा बैठक का आयोजन कर सभी विभागों के अधिकारियों को अभियान के तहत कार्य करने निर्देशित किया।जिसमें अनुभाग के मुख्यं कार्यपालन अधिकारी , मुख्य नगर पालिका अधिकारी, एवं स्वा स्थर, महिला बाल विकास, कृषि, उद्यान शिक्षा विभाग के विकास खंड स्तयरीय कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक में पौधारोपण अभियान, संपूर्णता अभियान तथा मुख्य मंत्री कन्या विवाह, निकाय योजना के संबंध में विस्तृ त चर्चा की जाकर आवश्यपक दिशा निर्देश दिए गए। कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि उक्तय अभियानों के संबंध में कार्य योजना तैयार कर प्रस्तु त करे, ताकि अभियान शतप्रतिशत सफल हो सके।

## लोगों की समस्याएं सुन तत्काल निराकरण करने के दिए निर्देश



**हटा।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हटा श्री राकेश मरकाम द्वारा कार्यालय सभा कक्ष में जन सुनवाई की गई। जनसुनवाई में आये हुए व्यक्तियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित कार्यालय प्रमुखों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए समस्या के निवारण हेतु निर्देशित किया गया। नवोदय वार्ड हटा से घरों में पानी भरने के संबध में आवेदन पत्र प्राप्तो होने पर मुख्ये नगर पालिका अधिकारी हटा को स्थतल निरीक्षण उपरांत आवश्य क व्य वस्थाा बनाए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा गरीबी रेखा से नाम पृथक किए जाने , निजी भूमि से विद्युत पोल हटाए जाने एवं अन्य विषय पर कुल 04 आवेदन प्राप्ता हुए तथा 03 व्यीक्तियो की खाद्यान्न पात्रता पर्ची की समस्या को जन सुनवाई के दौरान ही उपस्थित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से तुरंत समाधान कराया गया।

## एक पौधा मां के नाम के तहत किया पौधारोपण



**तेजगढ़।** जिले के तेन्दूखेड़ा उप वन मण्डल अंतर्गत तेजगढ़ रेंज की बीट तेजगढ़ दक्षिण मैं एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।ओर कई प्रजातियों के पोधो का रोपण किया गया। कार्यक्रम में तेंदूखेडा उपवन मंडल अधिकारी प्रतीक दुबे, तेजगढ़ बन परिक्षेत्र अधिकारी नीरज पांडे, तेजगढ़ थाना प्रभारी अभिषेक पटेल, हरी सींग यादव, जनपद सदस्य, सरपंच प्रतिनिधि विनजय जैन, वनपाल नेक नारायण खरे, वनरक्षक विनोद जैन, अखिलेश सिंह, नन्हे भाई सिंह, मनोज विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक रघुराज सिंह, सहित आदि उपस्थित रहे।

## श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन



**दमोह।** शिक्षा और संस्कारों के बीजारोपण और बाल्यावस्था से ही मस्तिष्क के विकास के लिए श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन शिक्षारत्न डॉ. प्रदीप जैन आचार्य के निर्देशन में नेमीनगर में संपन्न हुआ। मनोवैज्ञानिक विधियों के आधार पर बच्चों की आदतों, दिनचर्या एवं उनके स्वभाव में समुन्नति हेतु प्रतिदिन मानसिक क्रियाकलाप, ऑनलाइन मनोवैज्ञानिक परीक्षा, प्रतिज्ञाएं व विभिन्न ग्रंथों एवं लौकिक शिक्षा का अध्ययन यहां संपन्न हुआ। यहां 5 से 80 वर्ष के लगभग 200 शिविरार्थियों ने विभिन्न कक्षाओं में पढ़कर अपनी दिनचर्या में स्वाध्याय को जोड़ा और विभिन्न दोषों को त्यागने की प्रतिज्ञा की। शिविर में डॉ. प्रदीप जी, ब्र. अजय जी, ब्र. आदित्य जी, पं.अंकित जी, बाहुबली जी आदि 11 लोगों को शिक्षा दी। पुण्यार्जक कलश की स्थापना जयकुमार जी श्रीमती संगीता जयंत ने शिविर में अपनी टीम के साथ इसको ऊंचाइयां दी द्वितीय कलश श्री दीपक जी ने स्थापित किया। व्यवस्थाओं में श्री आनंद जी, श्रीमती प्रतिभा जी, श्रीमति वंदना जी एवं संपूर्ण समाज ने सहयोग दिया। समापन सत्र में अतिथि के रूप में रतन चंद, पदम चंद, ब्र.विनय, अमित बजाज, डॉ. आर. के. जी, विकल्प जी ने की। पुण्यार्जकों ने सभी को उपहार एवं पौधा वितरित किया। शिविरार्थियों के रूप में सर्वकारी शिक्षकगण आदि भी थे जिन्होंने शिविर को आगे जारी रखने का आग्रह किया। और सभी की भावनाओं के देखते हुए इसे भविष्य में सप्ताह में 2 दिन जारी रखने का आश्वासन डॉ. जैन ने दिया।

## सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह का आयोजन



**हटा।** तहसील कार्यालय हटा में पदस्थ रहे भृत्य कमलेश रैकवार के सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह तहसील कार्यालय हटा के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम राकेश मरकाम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी ने की, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, सुश्री मानसी अग्रवाल एवं महिला बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी शिव राय रहे। तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी ने श्री रैकवार के व्यवहार की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके आगामी जीवन के सुखमय होने की कामना की। कमलेश रैकवार ने अपने सेवाकाल कि सीखों का उल्लेख करते हुए अपने साथियों से उन्हे अपनाने का आग्रह किया। इसके साथ अपने सेवा काल में सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कमलेश रैकवार के परिजन रिश्तेदार, एसडीम स्टेनो प्रमोद श्रीवास्तव, रीडर राजकुमार शर्मा, तहसीलदार रीडर राजेश खरे, नाजिर आशीष सेन, जितेंद्र जैन, निर्मल सिंह सहित तहसील कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक माधव पटेल एवं आभार दिनेश प्यासी ने व्यक्त किया।

## नपा में 13 कर्मचारियों का हुआ विदाई समारोह



**दमोह।** नगर पालिका दमोह में पदस्थ 13 कर्मचारियों का सेवानिवृत्त विदाई कार्यक्रम सोमवार को अंबेडकर भवन में आयोजित किया गया। सभी सेवानिवृत कर्मचारियों का शॉल श्रीफल से सम्मान कर विदाई दी गई। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि आज हमारे बीच से 7 सफाई संरक्षक, 3 भृत्य सहित 13 कर्मचारी आज हमारे बीच से विदा हो रहे है सभी का कार्यकाल बेहद शानदार रहा। सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये। कार्यक्रम के दौरान पूर्व कर्मचारी संघ अध्यक्ष प्रताप रोहित, यशवंत सिंह ठाकुर, लक्ष्मण कसोतिया, अनिल असाटी, सुनील ठाकुर, प्रेम परोचे, अरविंद खरे सहित बड़ी तादाद में सेवानिवृत कर्मचारियों के परिजन निकाय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि पर किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर के अस्पताल चौराहा स्थित पेट्रोल पंप संचालक स्व. जय कुमार जैन की 13 पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में कन्हैया पेट्रोल पंप परिवार ने शासकीय अस्पताल और महामाया रक्तदान समिति के सहयोग से कन्हैया पेट्रोल पम्प पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने स्वेछा से रक्तदान किया। जिनमें दानकर्ता अक्षय जैन, मनमीत जुनेजा, उमेश राय, ऋषिकांत जैन, गिरीश पटेल, आदित्य शैलार, आदित्य राय, अमित जैन, राहुल जैन, नीरज जैन, मनीष राय, खुशबू जैन, अभय जैन, नरेश यादव, नरेंद्र यादव, राहुल, अनिल त्रिपाठी, आकाश और शिवांजय जैन आदि ने रक्तदान किया। उन्होंने लोगो से आग्रह किया है कि लोगो को आगे आकर रक्तदान जैसा महादान करना चाहिए, रक्तदान करने से किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होती बल्कि आप के शरीर के लिए यह फ़ायदेमंद होता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रक्त के अभाव मैं हर वर्ष न जाने कितने लोग अपने प्राण गवा बैठते है अगर हर व्यक्ति रक्तदान के प्रति जागरूक हो जाये तो ना जाने हर वर्ष कितनी जाने बचाई जा सकती हैं, उन्होंने ख़ास तोर पर पूरी शासकीय अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया। इस अवसर पर बडी संख्या में परिजनो के अलावा अन्य लोगो की उपस्थिति रही।

## भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका पुतला



**बनवार।** देश की संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान को लेकर अब घमासान मच गया है। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने भी राहुल गांधी से माफी मांगे जाने की मांग की है वही युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी ने हिंदुओं को लेकर टिप्पणी की है जो बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी टिप्पणी को लेकर आज नोहटा जबेरा बस स्टैंड में युवा मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला फूंकते हुए जमकर नारेबाजी की है। दरअसल जबेरा नोहटा भाजपा एवं मोर्चा के कार्यकर्ता और नेता यहां पर एकत्रित हुए संसद में राहुल गांधी के दिए बयान को लेकर आक्रोश जताते हुए विरोध प्रदर्शन के बाद पुतला फूंका पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंककर मुर्दाबाद के नारे लगाए नारे और राहुल गांधी से हिंदुत्व पर माफी मांगने की मांग रखी। जबेरा में जिला भाजपा उपाध्यक्ष रूपेश जैन मंडल अध्यक्ष राजेश सिंधई एवं मोर्चा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे नीरज जायसवाल सुदीप स्वास्थ्य सुशील चौधरी वही नोहटा में नितेंद्र सिंह ठाकुर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नोहटा भूपेश गंधर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रहे।

## कलेक्टर ने 36 हजार 700 रूपये का जुर्माना किया अधिरोपित

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सी. एम. हेल्पलाईन पोर्टल पर माह मई 2024 में अनिराकृत पाई गई शिकायतों का निराकरण एल-1, एल-2 अधिकारियों द्वारा समय-सीमा में न किये जाने एवं वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा जारी निर्देशों की अवहेलना किये जाने के फलस्वरूप प्रति शिकायत 100 रूपये के मान से 13 विभागो के 26 अधिकारियों पर 367 शिकायतों के अनिराकृत होने के आरोप में 36 हजार 700 रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया है। उन्होंने कहा है उक्त जुर्माने की राशि 03 दिवस के भीतर लोक सेवा प्रबंधन विभाग दमोह के कार्यालय (कक्ष क्रमांक 72 कलेक्ट्रेट) में जमा कर रेडक्रॉस सोसाइटी की रसीद प्राप्त करें अथवा रेड क्रॉस सोसायटी दमोह के बैंक खाते में जमा कर रसीद इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। उन्होंने आदेशित किया है कि शिकायतों के अनिराकृत होने की पुर्नावृत्ति न हो। ज्ञातव्य है नागरिकों की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने हेतु राज्य शासन द्वारा सी.एम. हेल्पलाईन 181 को संचालित किया जा रहा है। सी. एम. हेल्पलाईन 181 पोर्टल पर नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में एल-1/एल-2 अधिकारियों का मुख्य उत्तरदायित्व रहता है। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण के संबंध में लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा पर्याप्त प्रशिक्षण भी दिया गया है साथ ही समय-समय पर निर्देश भी जारी किये गये हैं। उपरोक्त प्रशिक्षण व निर्देशों के उपरांत भी सी. एम. हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतें अनिराकृत पाई जा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### 145.3 मि.मी. वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 145.3 मि.मी. अर्थात 5.7 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 19.4 मि.मी. अर्थात 0.7 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 164.7 मि.मी. अर्थात 6.4 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा पथरिया में 289 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 114 मि.मी., हटा 98.6 मि.मी., जबेरा में 72 मि.मी. पथरिया 289 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 29.6 मि.मी, बटियागढ़ 188 मि.मी. तथा पटेरा में 226 मि.मी., वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 8.9 मि.मी. अर्थात 0.3 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 1 मि.मी., हटा में 45.6 मि.मी.,जबेरा में 5 मि.मी., पथरिया में 2 मि.मी., बटियागढ़ में 2 मि.मी. तथा पटेरा में 7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**दमोह** । कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज 03 जुलाई को कार्यालय कलेक्टर के सभागार में शाम 05 बजे से आयोजित की गई है। सदस्य सचिव सड़क सुरक्षा समिति ने समस्त संबंधित अधिकारियों से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्धारित दिनांक, स्थान एवं समय पर उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

### सामान्य प्रशासन विभाग ने दिए थे सुबह 10 बजे कार्यालय पहुंचने के निर्देश

# कई कार्यालयों में डले रहे ताले नहीं पहुंचे अधिकारी-कर्मचारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा

आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुये सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए है कि सभी शासकीय कार्यालय सुबह 10 बजे से खुलेंगे और शाम 6 बजे बंद होंगे लेकिन सब डिवीजन में शासन के आदेश का कोई पालन नहीं हो रहा है। अधिकारी कर्मचारी अपनी मनमर्जी से कार्यालय में पहुंच रहे हैं मंगलवार को नगर का साप्ताहिक बाजार भी रहता है जिसके चलते काफी संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर अलग-अलग विभागों में पहुंचते हैं लेकिन जब समय पर अधिकारी ही नहीं आएंगे तो उनकी समस्या का निराकरण कैसे हो पाएगा। मंगलवार को आलम यह था कि आधे विभागों में जहां 10 :15 के बाद बजे ताले लटके हुए थे तो कुछ में सिर्फ भूत्य पहुंचे थे और वह ऑफिस खोलने की रस्म अदा करते दिखाई दिए।

#### कोरोना संक्रमण के बाद 5 दिन खुलने लगे कार्यालय

कोरोगा संक्रमण के बाद से शासन के निर्देशन पर सप्ताह में पांच दिन ही ऑफिसों में काम किया जा रहा है। अब हर शनिवार का अवकाश रखा जाने लगा है। इस कारण से जहां ऑफिसों के काम प्रभावित हो रहे है तो वहीं लोगों को भी अपने काम के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ऐसे में सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर ऑफिसों के समय में दो घंटे का इजाफा कर दिया था। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ऑफिस खोलने के निर्देश दिए गए है। सामान्य प्रशासन विभाग के इस आदेश की हकीकत जानने के लिए सुबह 10 :15 बजे नगर के कुछ शासकीय कार्यालयो मै पहुंच कर देखा तो कई विभागों में एक भी अधिकारी अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थे आलम यह था कि सुबह 10.30 बजे तक भी बहुत से ऑफिस तो खुले ही नहीं थे।

#### कार्यालय में नहीं थे अधिकारी

सुबह 10:15 से 10:40 तक जब नगर के कुछ कार्योंलयो मैं जाकर देखा तो एक भी कार्यालय में अधिकारी कर्मचारी मौजूद नहीं थे। कुछ कार्यालय में भृत्य मौजूद थे। सबसे पहले सिंचाई विभाग के कार्यालय में जाकर देखा तो कार्यालय खुला था लेकिन अधिकारी मौजूद नहीं थे। इसी तरह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय सेवा ,लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा , महिला बाल विकास विभाग बीआरसी कार्यालय मृदा परीक्षण प्रयोगशाला कृषि विभाग पीएचई विभाग शामिल है वहीं कुछ कार्यालयो में तो ताले भी नहीं खुले थे।

इस संबंध में तेन्दूखेड़ा एसडीएम अभिनाश रावत से बात की गई तो उन्होंने कहा कि दमोह कलेक्टर ने कल ही सभी विभागों के लिए आदेश जारी किया है। अगर समय पर कोई भी कार्यालय नहीं खुल रहे हैं और अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंच रहे हैं कल से ही सभी विभागों का निरीक्षण किया जाएगा और अगर कोई अधिकारी कर्मचारी अपने कार्यालय में नहीं मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी।

# 16 राशन विक्रेताओं से 30 लाख से अधिक की वसूली के नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हटा द्वारा सार्वजानिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के तहत कार्यवाही करते हुए 16 शासकीय उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं के विरूद्ध 30,65,479/- रूपये की अपयोजन राशि अधिरोपित करने की कार्यवाही की गई है। विक्रेताओं के द्वारा राशन सामग्री का अपयोजन करने के फलस्वरूप उनके विरूद्ध अपयोजित सामग्री की बाजारू कीमत के मान से अपयोजन राशि अधिरोपित करते हुए वसूली के आदेश दिए है। शा.उ.मू.दुकान सतरिया के विक्रेता जुगल पाठक अपयोजन राशि 49155/-रू, शा.उ.मू.दुकान छेवला दुबे के विक्रेता राकेश शर्मा अपयोजन राशि 511410- रूपये, शा.उ.मू.दुकान रसोटा के विक्रेता सुनील प्यापसी अपयोजन राशि 22984/- रूपये, शा.उ.मू.दुकान डौली के विक्रेता राजेश पटैल अपयोजन राशि 533588/-रूपये, शा.उ.मू.दुकान देवडोंगरा के विक्रेता श्री गोविंद पाठक अपयोजन राशि 37681/-रूपये, शा.उ.मू.दुकान हरपालपुरा के विक्रेता संदीप पाठक अपयोजन राशि 180645/-रूपये, शा.उ.मू.दुकान लुहारी के विक्रेता साहब सिंह अपयोजन राशि 103065/-रूपये, शा.उ.मू.दुकान महूना के विक्रेता हरीसींग अपयोजन राशि 222335/-रूपये, शा.उ.मू.दुकान लुहर्रा के विक्रेता सीताराम सींग लोधी अपयोजन राशि 103838/-रूपये, शिकारपुरा के विक्रेता मलखान सींग लोधी अपयोजन राशि 144480/-रूपये, रेवझाकलां के विक्रेता गब्बीर सींग अपयोजन राशि 329668/-रूपये, पांजी के विक्रेता अजय सिंह चौहान अपयोजन राशि 219611/-रूपये, रसोटा के विक्रेता रामदास पटैल अपयोजन राशि 144803/-रूपये, कुडई के समिति प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति, शिकारपुरा पिपरिया अपयोजन राशि 442175/-रूपये, शा.उ.मू.दुकान कंजरा के विक्रेता भूपेन्द्र सिंह अपयोजन राशि 4266/-रूपये, शा.उ.मू.दुकान दतिया के विक्रेता रामविशाल पटैल अपयोजन राशि 15775/-रूपये की वसूली के निर्देश जारी किये गये है। जारी आदेशानुसार विक्रेता 30 दिवस के भीतर उक्त वसूली राशि जमा करना सुनिश्चित करे, अन्येथा आवश्य क वैधानिक कार्यवाही की जावेगी ।

### जनसुनवाई में 347 आवेदन आये

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कमरा नम्बर 10 में शहर एवं दूरस्थ अंचलों से आये आमजन एवं कमरा नम्बर 17 में आज आयुष्मान कार्ड से संबंधित समस्याओं के निराकरण सहित अन्य आवेदनों के लिए आयोजित थीम्स बेस्ड जनसुनवाई में समस्याओं को सुना। साथ ही उन्होंने तत्काल कार्यवाही के लिए सम्बन्धितों को दूरभाष पर त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए। इस दौरान यहां 02 आयुष्मान कार्ड भी बनाये गये। इस आयोजित जनुसनवाई में आज की विशेष बात यह हैं कि एक पेड़ माँ के नाम वाली पावती दी गई। कलेक्टर श्री कोचर की मंशा अधिक से अधिक लोग अपनी माँ की स्मृति में और माॅ के साथ आये और एक पेड़ लगाय। जनसुनवाई में 347 आवेदन आवेदन आये। कलेक्टर श्री कोचर एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने 03 दिव्यांग हितग्राही को व्हीलचेयर एवं 01 हितग्राही को श्रवण यंत्र वितरित भी किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम ने सहभागिता निभाई।

### परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर लगाया हत्या का आरोप...

# कुएं के पास मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखड़ा



जिले के तारादेही थाना के बिलतरा गांव निवासी 20 वर्षीय लापता युवक अभिनंदन विश्वकर्मा का शव उसके ही खेत के कुएं के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। पास में ही बिजली की डोरी भी डली है। परिजनों ने गांव के कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे कार्यवाई करने की बात कही है।जानकारी के अनुसार तारादेही थाना के बिलतरा गांव निवासी अभिनंदन पिता विश्वनाथ विश्वकर्मा 20 रविवार शाम को घर से निकला था, लेकिन रात में लौटकर वापस नहीं आया। परिवार के सदस्यों ने उसकी खोजबीन की और पूरी रात इंतजार किया। सुबह दस बजे युवक का शव गांव से कुछ दूर एक कुआं के पास मिला। घटना को लेकर परिवार के लोगों का कहना है कि बच्चे की हत्या की गई है।

#### जमीनी विवाद को लेकर शंका

मृतक युवक के पिता विश्वनाथ विश्वकर्मा ने बताया कि उसके बेटे को करेंट नही लगा है। बल्कि हत्या करके उसको डाला गया है। उसके बाद बिजली की डोरी वहां फेकी गई है। यह काम गांव के लोगों द्वारा किया गया है। जिन्होंने मेरी निजी जमीन को न मेरे पिता को कुछ पैसे देकर उसकी लिखा पढ़ी करवा ली है। और जमीन हम लोगों से छीनना चाहते है, लेकिन वह अपने इरादे में सफल नही हुये तो उन्होंने मेरे बेटे के साथ ये घटना कर दी है। मेरा बेटा रविवार की शाम घर से गांव टहलने गया था उसके बाद रात भर घर नहीं आया सोमवार की सुबह गांव के एक युवक द्वारा मेरे खेत के समीप बेटे के पड़े होने की सुचना दी गई। हम लोग तत्काल मोके पर पहुंचे तो बेटा मृत अवस्था में पड़ा मिला। तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित का कहना है घटना बिलतरा गांव की है । युवक का शव कुए के पास मिला है जहां लाइट की डोरी डली है। पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए तेंदूखेड़ा भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की पुस्टि हो पायेगी की घटना का क्या कारण है। अभी मर्ग कायम किया गया है।

# पूर्व कमिश्नर शर्मा ने विद्यार्थियों से किया संवाद



**दमोह।** पूर्व कमिष्नर एवं वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी राजीव शर्मा अपने दमोह प्रवास के दौरान दमोह जिले के 3 हजार से अधिक विद्यार्थियों से मिले और उनके साथ छात्र संवाद स्थापित किया। वरिष्ठ कवि व लेखक राजीव शर्मा ने स्थानीय शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि दमोह में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुये उन्हें पर्यावरण की चेतना, सांस्कृतिक संकट, भाषा, वेषभूषा और संस्कृति के बारे में प्रेरक संबोधन दिया और कहा कि आप आने वाले कल के भविष्य हो। श्री राजीव शर्मा ने स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में उपस्थित डेढ़ हजार से अधिक विद्यार्थियों के बीच में जल क्रांति और खेल क्रांति का संदेष दिया और कहा कि आप भी पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेकर बड़ी से बड़ी मंजिल प्राप्त कर सकते हो। अगले क्रम में श्री शर्मा शासकीय उमावि हिन्नाई उमरी पहुँचे और विद्यार्थियों को अपने बड़ों और अभिभावकों के सम्मान का संकल्प दिया। उनके साथ वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र दुबे, प्राचार्य श्रीमति अर्चना जैन, प्राचार्य एस.एल. अहिरवाल, प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर और समाजसेवी डॉ. एल.सी. जैन, प्राचार्य रमेश व्यास, समाजसेवी संजय पलनीटकर, प्राचार्य अर्जुन पटैल और स्टॉफ आदि की उपस्थिति रही। श्री राजीव शर्मा ने बकायन स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर के दर्षन किये। उन्होंने 127 वर्ष प्राचीन नाना साहेब पानसे गुरूपूर्णिमा संगीत महोत्सव के बारे में विस्तृत जानकारी ली और कहा कि आयोजक पलनीटकर परिवार तथा ग्रामवासियों का यह प्रयास अनूठा एवं सराहनीय है। दमोह जिले का नाम इस उत्सव के माध्यम से देष भर में जाना जाता है। अंतिम सोपान के रूप में श्री शर्मा ने शासकीय मॉडल उमावि बटियागढ़ में प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और उनके द्वारा प्रस्तुत सामूहिक गीत ''इतनी शक्ति हमें देना दाता'' की भूरि-भूरि सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थियों को यह सोचना है कि कोई भी लक्ष्य कभी भी किसी के लिये भी असंभव नहीं है। हमें मिलकर वर्षा जल का संचयन करना है और तपती धरती को सिंचित कर नई मंजिल प्राप्त करना है।



# जैन मिलन की बैठक का आयोजन

**दमोह।** श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर की बैठक अमित जैन शिक्षक द्वारा आयोजित की गई । बैठक का शुभारंभ महावीर वंदना से हुआ। बैठक में प्रमुख रूप से आगामी 7जुलाई को शाखा के द्वारा आयोजित किए जाने क्षेत्र क्रमांक 10 की प्रथम क्षेत्रिय कार्यकारिणी की बैठक एवं शाखाओं के अध्यक्ष मंत्री कोषाध्यक्ष एवं प्रचार प्रमुखों का वर्कशॉप आयोजित किया गया है जिसके लिए स्थल शांति भवन कुंडलपुर सर्वसम्मति से तय किया गया। आयोजन को लेकर समितियों गठित कर जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में अध्यक्ष नरेन्द्र जैन बजाज , मंत्री महेश जैन, राजेन्द्र राही, राजेन्द्र बजाज, स्वतंत्र सेठ, अमित जैन, नीलेश सराफ, राजेश सेठ, श्रीकांत बड़कुल, रवि सराफ, अतुल जैन, पंकज जैन, जिनेन्द्र जैन, राजेन्द्र बंटी, गोकलचंद्र जैन, राकेश जैन, जितेंद्र बड़कुल, मनोज सेठ, सहित सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

# भाजपा युवा मोर्चा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला दमोह द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह के मार्गदर्शन में और युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन के नेतृत्व में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा समग्र हिंदु समाज को हिंसक और अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में राहुल गांधी की शव यात्रा निकाल स्थानीय घंटाघर पर पुतला दहन किया गया। साथ ही जिले के सभी 22 मंडलों में पुतला दहन किया गया। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन कहा कि कॉग्रेस पार्टी के नेता , सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं के लिए जिस तरह अमर्यादित और आपत्ति जनक टिप्पणियां की है संपूर्ण युवा मोर्चा इसकी कड़ी निन्दा करता है। पुतला दहन में जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र परिहार, मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी, महामंत्री श्याम विश्वकर्मा, पार्षद यशपाल ठाकुर , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शिखा जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष गणेश जाटव, साजिद रिजवी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, महेंद्र राठौर, आलोक मुखरैया, जिला मीडिया प्रभारी राहुल कुमार जैन, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुवीर रजक, मयंक तोमर, राजुल चौरहा, राकेश लोधी, मण्डल पदाधिकारी सृजन असटी, शिवेंद्र तिवारी, स्वप्निल प्यासी सहित भाजपा युवा मोर्चा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं की उपातिथि रही।

# निजी मकानों से भी ले रहे बाजार बैठकी, दुकानदारों ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद



ग्राम में मंगलवार के दिन लगने वाले हॉट बाजार में ऐसे दुकानदारों से भी बाजार बैठकी ली जा रही है जो अपने खुद निजी मकान में दुकानदारी किए हुए हैं लोगों से टैक्स के नाम पर 10 रूपये लिए जा रहे हैं लेकिन उसकी कोई रसीद ठेकेदार द्वारा दुकानदारों को नही दी जाती है यह आरोप है। ग्राम के दुकानदारों का, प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत गैसाबाद द्वारा 55000 रुपए में बाजार बैठकी का ठेका 1 वर्ष के लिए किया गया है जिसमें हॉट बाजार के दिन दुकानदारों से 10 रूपये प्रति दुकान के हिसाब से टैक्स लिया जाएगा। दुकानदारों का कहना है कि जब हाट बाजार नए स्थान पर लगने लगा है तो हम पुराने बस स्टैंड पर दुकान लगाने वाले किस बात का टैक्स दें दुकानदारों के बताएं मुताबिक कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अपने निजी मकान में दुकान लगाते हैं। उनको भी टैक्स देना पड़ रहा है जबकि हाट बाजार अब दूसरे स्थान पर मुख्यमंत्री हाट बाजार में लगने लगा है। ग्रामीण जन बताते है कि जहां पर वर्तमान में हॉट बाजार लगता है वहां पर लोगों को असुविधा हो रही है। खाने पीने की कोई वस्तु वहां पर उपलब्ध नहीं होती है जिससे बाहर से आने वाले लोगों को परेशानी होती है। गौरतलब है कि पिछले कई वर्षों से ग्राम का साप्ताहिक बाजार बस स्टैंड बंजारी चौक पर लगता आ रहा है। लेकिन करीबन 1 वर्ष से साप्ताहिक बाजार पुलिस थाना के सामने मुख्यमंत्री हाट बाजार में स्थापित कर दिया गया। जबकि हाट बाजार में दुकानदारों के लिए कोई खास सुविधाएं नहीं है एवं ग्राम वासियों को भी हॉट बाजार गांव से दूर पड़ता है जिसकी अपने मकान मे स्वयं की दुकान है। वह शुरू से ही बस स्टैंड पर दुकानदारी करते आ रहे हैं। वह हॉट बाजार में अपनी दुकानदारी कैसे स्थापित कर सकते हैं। वर्तमान में ग्राम का साप्ताहिक बाजार दो जगह बट गया है। एक पुराना बाजार एवं एक नया हाट बाजार इन्हीं अनियमिकता के चलते धीरे-धीरे ग्राम का साप्ताहिक बाजार कम होते जा रहा है। दुकानदारों ने मांग की है कि ग्राम का बाजार पुरानी जगह पर ही परिवर्तित किया जाए एवं अपने निजी मकानों में दुकानदारी कर रहे दुकानदारों से बाजार बैठकी नहीं वसूली जाए। इस मामले पर सरपंच प्रतिनिधि विनोद अहिरवार का कहना है कि यदि ठेकेदार पंचायत द्वारा निर्धारित किए गए 10 रूपये से अधिक किसी दुकानदार से पैसा लेते हैं और दुकानदारों को रसीद नहीं देते हैं यदि इस बात की शिकायत पंचायत प्रशासन के पास आती है तो हम ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

# निर्यापक मुनि श्री योग सागर ससंघ की दमोह आगमन पर हुई मंगल अगवानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

निर्यापक मुनि श्री योग सागर जी महाराज के दमोह नगर आगमन पर समाज के द्वारा की गई। मंगल अगवानी मुनि संघ के समन्ना ग्राम से अरिहंत विहार पहुंचने पर संतोष सिंघई एवं उनके परिवार के द्वारा मंगल अगवानी की गई। उसके पश्चात मुनि संघ पुराने थाने से घंटाघर होते हुए दिगंबर जैन धर्मशाला पहुंच मार्ग में अनेकों स्थान पर श्रद्धालु जनों के द्वारा पद पक्षालन किया गया एवं आरती उतारी गई। अनेक स्थान पर तोरण द्वार सजाए गए महिला मंडल अपने सिर पर मंगल कलशो के साथ मंगल अगवानी में सम्मिलित हुई। जैन धर्मशाला पहुंचने पर दिगंबर जैन पंचायत एवं अनेक संस्थाओं के द्वारा चातुर्मास के निवेदन के साथ श्रीफल अर्पित किए गए। मुनि श्री के पाद पक्षालन का सौभाग्य चंद कुमार सराफ परिवार को एवं शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य आलोक वस्त्रालय परिवार को प्राप्त हुआ। इस मौके पर दमोह दीक्षा प्राप्त छल्लक श्री स्वास्तिक सागर जी एवं आगत सागर जी महाराज को प्रवचन देने का अवसर प्रदान किया गया। इस मौके पर दमोह के मुनि श्री निर्मोह सागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचनों में कहा कि गुरु की दृष्टि यदि कचरे में पड़े किसी वस्तु पर पड़ जाती है तो वह वस्तु भी मूल्यवान हो जाति है। इसी तरह पूज्य गुरुदेव की दृष्टि मुझ पर पड़ी और मैं मूल्यवान मुनि पद को प्राप्त कर सका। यह गुरुदेव का ही उपकार है। निर्यापक मुनि श्री योग सागर जी महाराज ने कहा कि दमोह अपने दमदार मोह के लिए जाना जाता है किंतु इसी दमदार मोह से निर्मोही संतों ने गुरुदेव से दीक्षा लेकर दमोह को निर्मोही बना दिया। दमोह के भक्तों ने अपनी भक्ति प्रदर्शित करके आचार्य श्री को अनेकों बार दमोह में लाने का सौभाग्य प्राप्त किया। मैं भी अनेकों बार दमोह में आ चुका हूं। दमोह के भक्तगन ने बड़े बाबा और छोटे बाबा की सेवा का अनेक बार सौभाग्य प्राप्त किया है।

# बांसा तिहरे हत्याकांड के फरार आरोपियों पर ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस द्वारा बांसा तारखेडा में हुए जघन्य तिहरे हत्याकांड में फरार आरोपी कालोनाइजर राकी सुरेखा और उसके मैनेजर मोनू पर दस हजार का ईनाम घोषित किया है। उक्त जानकारी दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा देते हुए बताया है कि यदि एक हफ्ते में पुलिस पकड़ नहीं पाई तो ईनाम राशि और भी बढाई जाएंगी। इधर पुलिस द्वारा लुक आउट नोटिस जारी कर दिए जाने की बजह से फरार कालोनाइरजर के देश छोड़कर विदेश भाग जाने के चांस भी खत्म हो गए है। उल्लेखनीय है कि पूर्व के कुछ बडे मामले में पुलिस की भूमिका आम लोगों को संदेह के घेरे में लगती रही है लेकिन इस बार वर्तमान एसपी साहब के द्वारा निष्पक्ष कार्रवाई का प्रयास किया जा रहा है और घटना की बडी मछली तक को छोडा नहीं जायेगा ऐसा जनता को भरोसा हो रहा है हालांकि वे कहां तक सफल हो पायेंगे देखने लायक बात होंगी। इसी के अलावा दमोह पुलिस यह भी देख रही है कि क्या पुलिस कार्रवाई की भनक आरोपियों को किसी अधिकारी, कर्मचारी या अन्य के द्वारा तो नहीं बतायी और उन्हें शहर छोड़कर भागने में मदद तो नहीं की ? पुलिस अधीक्षक का इस संबंध में कहना है कि वे इन तथ्यों पर भी नजर बना रहे हैं लेकिन उनकी पहली प्राथमिकता आरोपियों के जल्द से जल्द पकडे जाने में है इसके साथ अन्य सभी तथ्यों पर भी जांच जरूर होगी और चाहे कितना भी वडा, ऊंचे औहदे और पहुंच वाला व्यक्ति दोषी पाया जायेगा, उस पर कार्रवाई अवश्य होगी।

# किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार धान की नर्सरी रोपनी कार्य अटका

**बनवार।** धान की खेती के लिये इंतजार कर रहे किसानों को अभी भी अच्छी बारिश का इंतजार है। कहीं बूंदा-बांदी तो कहीं हल्की या मध्यम बारिश से किसान परेशान हैं। किसानों को धान की बोनी दो प्रकार से होती एक तो अंकुरित धान का खेत को मचाकर छिड़का करते है दूसरा तरीका नर्सरी तैयार पौधों की रोपनी की जाती दोनों के लिये अच्छी बारिश का इंतजार है। किसानों का मानना है कि थोड़ी और बारिश हो जाये तो वे लोग खेत में बीज डाल देंगे और फिर तैयारी होने के बाद ही रोपनी कर सकेंगे। जानकारी हो कि अभी भी जंप में मात्र दस फीसदी किसान ही नर्सरी के लिए खेतों तैयार कर पाये हैं उसमें भी उनकी संख्या ज्यादा है जो खुद सिंचाई कर लेते हैं। मौसम विभाग ने तय समय मानसून आने संभावना व्यक्त की गई थी लेकिन जंप जबेरा के अधिकांश क्षेत्र में अभी भी वारिश का इंतजार है बूंदा बांदी को छोड़ दिया जाए तो अभी ऐसी वारिश नहीं हुई है की खेतों में नमी की स्तिथि बन सके जिससे किसानों की धान की बोनी कार्य अटका हुआ है।